# वरुण और सिद्धार्थ ने माई नेम इज खान से किया था बॉलिवुड डेब्यू

वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा बॉलिवुड के टैलंटेड ऐक्टर्स में से एक हैं। करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द इयर में बड़े पर्दे पर एक साथ नजर दोनों ऐक्टर्स ने इस फिल्म से पहले ही अपना बॉलिवुड डेब्यू कर लिया था। दरअसल, वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने इस फिल्म से पहले फिल्म करण जौहर की ही फिल्म माई नेम इज खान में असिस्टेंट डायरेक्टर्स के तौर पर अपने बॉलिवुड करियर की शुरुआत थी। हाल ही में सोशल मीडिया पर दोनों ऐक्टर्स की पुरानी तस्वीरें वायरल हो रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में आप देख सकते हैं वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा करण जौहर और अन्य लोगों के साथ फिल्म माई नेम इज खान के सेट पर नजर आ रहे हैं। वहीं, एक तस्वीर में वरुण धवन शाहरुख खान के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि बीती 12 फरवरी को फिल्म माई नेम इज खान ने रिलीज को 1० साल पूरे कर लिए हैं। यह फिल्म बॉलिवुड की चर्चित फिल्मों में से एक थी। वर्कफ्रंट की बात करें तो वरुण धवन अपने पिता और फिल्म डायरेटक्टर डेविड धवन की फिल्म कुली नं. 1 के रीमेक में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ सारा अली काम कर रही हैं। कुली नं 1 में गोविंदा और करिश्मा कपूर ने लीड रोल प्ले किया था। सिद्धार्थ मल्होत्रा के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह अब फिल्म शेरशाह में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ कियारा आडवाणी भी दिखाई देंगी। आजकल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी के अफेयर की खबरें सामने आ रही हैं।

# फिल्म दुर्गावती को लेकर भूमि पर दबाव ? ऐक्ट्रेस ने दिया यह जवाब

फिल्म ऐक्ट्रेस भूमि पेडनेकर जल्दी ही अपनी नई फिल्म 'दुर्गावती' में दिखाई देंगी। यह फिल्म पूरी तरह से हीरोइन केंद्रित है। भूमि पेडनेकर के पूरे करियर में पहली बार फिल्म की सारी जिम्मेदारी उनके कंधों पर होगी। हालांकि, ऐक्ट्रेस ने कहा कि वह दबाव महसूस नहीं कर रही हैं।

फैशन फटॉग्रफर डब्बू रतनानी के वर्ष 2०2० कैलेंडर लॉन्च के मौके पर मीडिया से बात करते हुए भूमि पेडनेकर ने कहा कि मैं भोपाल में फिल्म 'दुर्गावती' के लिए शूटिंग कर रही हूं। यह मेरे लिए एक नया नेरेटिव है, नई कहानी है। पहली बार मेरे कंधों पर पूरी फिल्म है और इससे जुड़कर मुझे बेहद खुशी हो रही है। दबाव महसूस किए जाने के सवाल पर भूमि पेडनेकर ने कहा कि पूरी फिल्म पहली बार मेरे कंधों पर है लेकिन मैं दबाव में नहीं हूं। और जभी भी आप किसी भी फिल्म की शूटिंग करते हैं, तो थोड़ा दबाव होता ही है कि आप पिछली से अच्छा करें।

भूमि पेडनेकर की फिल्म 'दुर्गावती' को जी अशोक डायरेक्टर कर रहे हैं और अक्षय कुमार, भूषण कुमार और विक्रम मल्होत्रा प्रड्यूस कर रहे हैं। दुर्गावती साउथ रीमेक है। साउथ में इस फिल्म में मुख्य भूमिका अनुष्का शेट्टी ने निभाई थी। इस फिल्म में माही गिल भी नजर आएंगी।

# ...तो रणवीर सिंह बनेंगे अली अब्बास जफर के मिस्टर इंडिया 2 ?

बॉलिवुड में जब भी आइकॉनिक फिल्मों की बात चलेगी जो लोगों के दिमाग पर आज तक छाई हुई हैं तो उनमें शेखर कपूर की फिल्म मिस्टर इंडिया जरूर शामिल होगी। अमरीश पुरी ने इस फिल्म में मोगेंबो का जो किरदार निभाया था उसे आज भी लोग याद करते हैं। वैसे पिछले काफी समय से इस फिल्म के सीक्वल की चर्चा चल रही है लेकिन कुछ कन्फर्म नहीं हुआ है। अब एक और खबर सामने आ रही है कि मिस्टर इंडिया 2 में रणवीर सिंह लीड रोल में दिख सकते हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस समय बॉलिवुड में कई दिलचस्प फिल्में कर रहे रणवीर सिंह मिस्टर इंडिया 2 में दिखाई देंगे और इसका डायरेक्शन टाइगर जिंदा है जैसी फिल्में बना चुके अली अब्बास जफर डायरेक्ट करेंगे। खबरों की मानें तो इस फिल्म को जल्द ही शुरू किया जाएगा और 2०2० के त्योहारी सीजन यानी दिवाली के आसपास रिलीज कर दिया जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक एक सूत्र ने बताया कि अली अब्बास जफर के लिए यह एक ड्रीम प्रोजेक्ट है और वह इस पर चुपचाप कुछ समय से काम कर रहे हैं। इसमें मिस्टर इंडिया की कहानी को ही आगे बढ़ाया जाएगा और उसे आज के जमाने के हिसाब से बनाया जाएगा। इस फिल्म को ऐसा बनाया जाएगा कि आपने अभी तक ऐसी कोई फिल्म नहीं देखी होगी और यह बॉलिवुड की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक होगी।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि अली अब्बास जफर पहले ही इस फिल्म के लिए रणवीर से बात कर चुके हैं और रणवीर भी इस फिल्म के लिए काफी उत्साहित हैं। खबर तो यह भी है कि फिल्म में विलन मुगैंबो के रोल के लिए शाहरुख खान से भी बातचीत की गई है। अगर सबकुछ ठीक रहा तो इस फिल्म में रणवीर और शाहरुख को देखना दिलचस्प होगा। हालांकि अभी तक शाहरुख के बारे में कुछ कन्फर्म नहीं हुआ है। वैसे यह फिल्म न तो ऑरिजनल मिस्टर इंडिया की सीक्वल होगी और न उसका रीमेक होगी बल्कि यह मॉर्डन टाइम की एक कहानी होगी। जफर ने स्क्रिप्ट का पहला ड्राफ्ट लिख लिया है और जल्द ही इसे फाइनल कर लेंगे।

# तेजस की पायलट बनीं कंगना




कंगना रनौत की फिल्म तेजस का सभी लोगों को बेसब्री से इंतजार है। रॉनी स्क्रूवाला की इस फिल्म में कंगना एयरफोर्स पायलट के रूप में नजर आएंगी। अब इस फिल्म को लेकर कंगना का फर्स्ट लुक जारी किया गया। तेजस के ठीक बगल में एयरफोर्स पायलट के रूप में कंगना के इस नए अवतार को देखते ही सलाम का दिल करता है। फर्स्ट लुक से कंगना बाजी मार गई हैं। यही वजह है कि यह तस्वीर शेयर होते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। बता दें कि हाल में आई फिल्म पंगा में कंगना ने कबड्डी प्लेयर की भूमिका निभाई थी। इस किरदार को भी काफी पसंद किया गया।

अब जमीन से उन्होंने आसमां की छलांग लगाई है। सीधे एयरफोर्स पायलट। फिल्म का पहला पोस्टर ऐसा है कि आपकी निगाहें कंगना हटेंगी नहीं। कंगना आपका दिल चुरा लेंगी। आप सलाम करेंगे, ना सिर्फ कंगना को बल्कि उन सभी लड़कियों को जो इस देशहित में यह ड्यूटी निभा रही हैं।

इस फिल्म को लेकर कंगना भी काफी उत्साहित हैं। पिछले दिनों उन्होंने कहा था, मैं हमेशा से सैनिक का रोल निभाना चाहती थी, बचपन से ही एयरफोर्स की तरफ आकर्षित थी। मैंने अपने देश के जवानों के लिए कभी अपनी भावनाएं नहीं रोकीं और हमेशा इस बारे में खुलकर बोली हूं कि उनके साहस को मैं कितनी शिद्दत से महसूस करती हूं। उन्होंने यह भी कहा था, वे हमारे देश और यहां के लोगों को सुरक्षित रखते हैं। इसलिए मैं यह फिल्म करके बहुत खुश हूं। कंगना ने यह भी बताया था कि इसके लिए प्रफेशनल ट्रेनर्स से ट्रेनिंग भी ले रही हैं। बता दें कि फिलहाल कंगना तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता की बायॉपिक थलाइवी की तैयारी भी कर रही हैं। उन्होंने पिछले दिनों कहा था कि वह इस वक्त वह पूरी तरह से थलाइवी मोड में हैं इसके बाद वह तेजस की तैयारी करेंगी, जिसकी शूटिंग इस साल शुरू हो जाएगी। विंग कमांडर अभिनंदन के बारे में उन्होंने कहा कि उन्हें जबसे उनकी खबर मिली थी तबसे ही उनकी स्टोरी को करीब से जानने की कोशिश कर रही हैं।

# महेश भट्ट प्रतिष्ठित निर्देशकों में से एक : श्रुति सेठ



अभिनेत्री श्रुति सेठ प्रतिष्ठित फिल्मकार महेश भट्ट के नए टीवी शो दिल जैसे धड़के धड़कने दो का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं। श्रुति ने कहा, महेश सर मनोरंजन जगत के प्रतिष्ठित फिल्मकारों में से एक हैं और बाकी लोगों की तरह ही मैंने भी सपना देखा था कि एक दिन उनके साथ काम करूंगी। मैं बहुत खुश हूं कि मुझे यह मौका मिला।

अभिनेत्री ने आगे कहा, दिल जैसे धड़कने.. में एक अनोखी और आकर्षक कहानी दिखाई गई है और इसकी दिलचस्प स्क्रिप्ट ने ही मुझे अपनी ओर आकर्षित किया। मैंने महेश सर से बहुत कुछ सीखा और आगे भी ज्यादा से ज्यादा सिखने की उम्मीद करती हूं।

दिल जैसे धड़के धड़कने दो को महेश भट्ट बना रहे हैं और इसका निर्माण व निर्देशन गुरुदेव भल्ला कर रहे हैं। यह शो स्टार प्लस पर प्रसारित होता है।

# 'द बिग बुल' की रिलीज डेट आउट, सामने आया अभिषेक बच्चन का लुक



अभिषेक बच्चन आखिरी बार अनुराग कश्यप की फिल्म मनमर्जियां में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ तापसी पन्नू ओर विकी कौशल भी थे। सभी ने अपनी ऐक्टिंग से दिल जीत लिया था। वहीं, अब अभिषेक बच्चन फिल्म द बिग बुल में नजर आएंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट सामने आ चुकी है। बता दें कि इस फिल्म के अलावा ऐक्टर के पास कई प्रॉजेक्ट्स हैं।

अभिषेक बच्चन ने अपने ट्विटर हैंडल पर अपनी फिल्म द बिग बुल का पोस्टर शेयर किया है। पोस्टर में जिक्र है कि फिल्म 23 अक्टूबर को रिलीज होगी। पोस्टर में अभिषेक बच्चन ब्लैक पैंटसूट में नजर आ रहे हैं। उन्होंने चश्मा पहना हुआ है और मूछों को रखा है। उनके लुक को देखकर लग रहा है कि वह फिल्म में बिजनसमैन का रोल प्ले कर रहे हैं। फिल्म 199० से 2००० के बीच हुई सच्ची घटनाओं और भारत के फाइनैंशल फील्ड में हुए बदलाव पर आधारित है। द बिग बुल स्टॉक ब्रोकर हर्षद मेहता की जिंदगी पर बेस्ड होगी। हर्षद मेहता को फाइनैंशल क्राइम करने के कारण अरेस्ट किया गया था।

फिल्म द बिग बुल में अभिषेक बच्चन के अलावा इलियाना डीक्रूज, निकिता दत्ता और सोहम शाह भी अहम किरदार निभाएंगे। वहीं, फिल्म का पहला पोस्टर पिछले महीने जनवरी की शुरुआत में आया है। पोस्टर में अभिषेक के चेहरे पर अंधेरा दिख रहा है। साथ ही वह अपनी अंगुलियों में कई अंगूठियां पहने नजर आ रहे हैं और होंठ पर अपनी अंगुली रखे हुए हैं। फिल्म को अजय देवगन और आनंद पंडित प्रड्यूस कर रहे हैं। इसका डायरेक्शन कुकी गुलाटी कर रहे हैं। बताते चलें कि इस फिल्म के अलावा अभिषेक बच्चन फिल्म लूडो और फिल्म बॉब बिस्वास में नजर आएंगे।